## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 28.08.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–जन धन योजना की वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और लोगों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका।**
- **झारखंड में 22 परीक्षाएं रद्द करने के मामले में हाईकोर्ट ने सहायक निदेशक सह वरिष्ठ वैज्ञानिक परीक्षा रद्द करने पर रोक से किया इनकार, सरकार और जेपीएससी से दो सप्ताह में मांगा जवाब।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रक्षाबंधन पर बेटियों की शिक्षा और महिलाओं के सशक्तीकरण का संकल्प लेने की अपील की।**
- **धनबाद में साइबर सुरक्षा अभियान को दूरसंचार विभाग और आईआईटी–आईएसएम का मिलेगा सहयोग, 'साइबर साथी' बनकर एक साल तक लोगों को जागरूक करेंगे छात्र।**
- **मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी, कल दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद और कोल्हान के जिलों में भारी बारिश की संभावना।**

*******************

प्रधानमंत्री जन धन योजना के आज 12 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह देश में वित्तीय समावेशन के परिदृश्य को बदलने की दिशा में प्रमुख पड़ाव है। एक रिपोर्ट ..

*******************

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है और उचित कीमतों पर पर्याप्त मात्रा में चीनी उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने बताया कि हाल के दिनों में चीनी मिलों से बाहर चीनी की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि खुदरा चीनी की कीमतें भी कम होने लगी हैं। मंत्रालय ने घरेलू बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और आपूर्ति में कृत्रिम कमी को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरकार देश भर में चीनी की कीमतों और स्टॉक पर कड़ी नजर रख रही है।

*******************

राज्य में 22 परीक्षाओं को रद्द करने के सरकार के फैसले से जुड़े एक मामले में हाईकोर्ट ने सुनवाई की। न्यायमूर्ति दीपक रौशन की एकल पीठ ने विज्ञापन संख्या दस ऑबलीक दो हजार पच्चीस के तहत सहायक निदेशक सह वरिष्ठ वैज्ञानिक की परीक्षा रद्द करने के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने राज्य सरकार और जेपीएससी को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 24 सितंबर को होगी।

*******************

झारखंड लोक सेवा आयोग– जेपीएससी के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता रोमा कुमारी की ओर से दायर याचिका की जानकारी अधिवक्ता नितेश्वरी कुमारी ने दी। याचिका में जेपीएससी में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति से जुड़े मामले को अदालत के समक्ष उठाया गया है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रक्षाबंधन के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई, शुभकामनाएं और जोहार कहा है। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई–बहन के प्रेम और विश्वास के साथ परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भी पर्व है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और बेटियों को शिक्षा, आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने सभी से बेटियों की शिक्षा और महिलाओं के सशक्तीकरण का संकल्प लेने की अपील की।

*******************

धनबाद जिले में चलाए जा रहे विशेष साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान को भारत सरकार के दूरसंचार विभाग और आईआईटी–आईएसएम का सहयोग मिला है। ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब ने बताया कि आईआईटी–आईएसएम के प्रशिक्षित छात्र 'साइबर साथी' के रूप में अगले एक वर्ष तक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को साइबर ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और ओटीपी साझा करने से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक करेंगे।

*******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने खनिज और खनिज पदार्थ विकास एवं विनियमन कानून यानी एमएमडीआर कानून को देशहित में बताया है। उन्होंने हेमंत सरकार और उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे एमएमडीआर कानून को लेकर राज्य की जनता को गुमराह कर रहे हैं।

*******************

नेपाल में आई बाढ़ के बाद पलामू के हैदरनगर प्रखंड के बरवाडीह गांव निवासी 50 वर्षीय महेंद्र विश्वकर्मा लापता हैं। महेंद्र नेपाल के बाणेश्वर जलविद्युत संयंत्र के निर्माण कार्य में फैब्रिकेटर के रूप में काम करते थे। बाढ़ वाले दिन से उनका मोबाइल बंद है। परिजनों ने भारत सरकार, कंपनी और स्थानीय प्रशासन से महेंद्र का जल्द पता लगाने और सकुशल वापसी सुनिश्चित कराने की गुहार लगाई है।

********************

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने हजारीबाग के बड़कागांव क्षेत्र के चपरी में छापेमारी कर 113 दशमलव 32 टन अवैध कोयला जब्त किया है। यह कार्रवाई कल की गई। इससे पहले भी सीआईएसएफ ने बड़कागांव के तीन गांवों में छापेमारी कर 250 टन से अधिक अवैध कोयला जब्त किया था। जब्त कोयले को एनटीपीसी के कांटा घर में वजन कराने के बाद सुरक्षित रखा गया है।

********************

राज्य में अगले चार दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम केंद्र, रांची ने 31 अगस्त तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में भारी बारिश, वज्रपात और तेज हवा को लेकर चेतावनी जारी की है। कई इलाकों में हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट का अनुमान है। कल दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम

*******समाप्त********